# प्रेस नोट दिनांक- 07.11.2025 जनपद प्रतापगढ़

## थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़

लूट की घटना का अनावरण — थाना बाघराय पुलिस द्वारा दो अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का 01 अदद एंड्राएड फोन ओप्पो व लूट के 750/- रुपये नगद बरामद

थाना बाघराय पुलिस द्वारा थाना बाघराय क्षेत्रातंर्गत फूलपुर मौरी से आगे भटपुरवा की तरफ निकले कि रास्ते से लूट में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़।
वादी निवासी ग्राम अतरसुई, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़, जो रोज़गार हेतु सियारामगंज बाजार में दुकान संचालित करते हैं, दिनांक 31.08.2025 की रात्रि में बाजार से घर लौट रहे थे। जब वे वकुलाही नदी के समीप सियालाल के पुरवा स्थित वंशियारा मार्ग पर पहुँचे, तो तीन अज्ञात व्यक्ति सड़क पर खड़े थे, जिन्होंने वादी की मोटरसाइकिल रोक ली और उनसे एक OPPO A15 मोबाइल फोन तथा ₹5,000 नकद छीन लिए। वादी द्वारा शोर मचाने पर उक्त व्यक्ति मौके से भाग निकले। इस संबंध में थाना बाघराय पर मु0अ0सं0 175/2025 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्री श्रवण कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, उ0नि0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह उ0नि0 दिनेश कुमार, का0 शशांक राय, का0 अतुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना मु0अ0सं0 175/2025 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों, 1. आशीष सरोज पुत्र राम मिलन सरोज निवासी ग्राम शीतलपुर लाला का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष, 2. अमित सरोज पुत्र गुड्डू सरोज निवासी ग्राम बभनपुर कर्माजीत पट्टी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष को थाना बाघराय क्षेत्रातंर्गत फूलपुर मौरी से आगे भटपुरवा की तरफ निकले कि रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों से लूट का 01 अदद एंड्राएड फोन ओप्पो व लूट के 750/- रुपये नगद को बरामद किया गया, उक्त बरामदगी के संबंध उपरोक्त अभियोग में 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरण-
अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मैं, अमित और धीरेन्द्र तीनो लोग मिलकर दिनाँक 31.08.2025 को सिया लाला का पुरवा के पास बकुलाही नदी के पुल पर 01 व्यक्ति जो सिया बाजार से मोटरसाइकिल से आ रहा था, उसी व्यक्ति से हम तीनो लोग मिलकर मोबाइल जो मुझसे बरामद हुई है और पांच हजार रुपये लूट लिये थे। यह मोबाइल वही लूट वाली है। हम तीनो लोग लूट के पैसे आपस में बाँट लिए थे। कुछ पैसा खर्च हो चुका है। कुछ लूट के पैसे हम लोगो के पास बचा हुआ है। वही लूट का पैसे हम लोगो के जेब में था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1. आशीष सरोज पुत्र राम मिलन सरोज निवासी ग्राम शीतलपुर लाला का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष।
2. अमित सरोज पुत्र गुड्डू सरोज निवासी ग्राम बभनपुर कर्माजीत पट्टी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी-
लूट का 01 अदद एंड्राएड फोन ओप्पो व लूट के 750/- रुपये नगद बरामद।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, उ0नि0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह उ0नि0 दिनेश कुमार, का0 शशांक राय, का0 अतुल कुमार थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।

## थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़

थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में थाना

प्रभारी सांगीपुर श्री मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह का० मुकेश कुमार व का0 अभिषेक मिश्र द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना अन्तर्गत धारा 137(2), 61(2), 127 (2),65(1), 351 (2),351 (3) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त, सलमान खान पुत्र इशी मोहम्मद निवासी ग्राम पूरे नेवाजी शुकुलपुर अजगरा रानीगंज थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को थाना सांगीपुर क्षेत्रातंर्गत बंधवा तालाब के पास के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सलमान खान पुत्र इशी मोहम्मद निवासी ग्राम पूरे नेवाजी शुकुलपुर अजगरा रानीगंज, थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह का० मुकेश कुमार व का0 अभिषेक मिश्र थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़।